# Shri Bhawani Niketan PG College

**(Run by Shri Bhawani Niketan Shiksha Samiti)**

**Sikar Road, Jaipur**


**S.No. :** **Date: 03-03-2025**



राजस्थान सरकार
शिक्षा विभाग

## आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक एफ 4 (15) आकाशि/नि.स./1991/1179 दिनांक:- 30/6/17

**आदेश**

राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के आधार पर अकादमी सत्र 2017–18 से निम्नलिखित महाविद्यालय को स्नातकोत्तर स्तर पर नवीन संकाय/विषय में स्थाई अनापत्ति प्रमाण–पत्र निम्नलिखित शर्तो के साथ प्रदान किया जाता है:-

| महाविद्यालय का नाम व पता | सम्बद्धक विश्वविद्यालय | नवीन संकाय/विषय |
|---|---|---|
| श्री भवानी निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नियर चौमू पुलिया, सीकर रोड़, जयपुर। | राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर। | स्नातकोत्तर स्तर पर– एम.एस. सी– गणित, भौतिकशास्त्र। |

1. संबंधित विश्वविद्यालय एवं बी0सी0आई0से संबद्धता प्राप्त करने का दायित्व स्वंय संस्था का होगा ।
2. संस्था महाविद्यालय में अध्यापन कार्य हेतु यू.जी.सी. अर्हताधारी प्राचार्य एवं व्याख्याताओं तथा निर्धारित मानदण्डानुसार अशैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति के साथ–2 अन्य निर्धारित शर्तो की पालना करेगी ।
3. राज्य सरकार संस्था को वर्तमान व भविष्य में इस हेतु कोई वित्तीय सहायता नहीं देगी ।
4. संस्था को समय–2 पर यू.जी.सी./राज्य सरकार/आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा जारी निर्देशों की पालना अनिवार्य रूप से करनी होगी ।
5. संस्था द्वारा राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिनियम 1989 तथा तत्सम्बन्धी नियम 1993 के सभी उपबन्धों की निरंतर अनुपालना सुनिश्चित की जावेगी ।
6. संस्था को स्थाई मान्यता इस शर्त पर जारी की जाती है कि संस्था द्वारा उपरोक्त शर्तो का कभी भीउल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही कर स्थायी मान्यता को प्रत्याहरित (Withdraw) किया जा सकता है ।
7. संस्था को प्रत्येक सत्र में कम से कम एक बार आयुक्तालय से निरीक्षण करवाने हेतु आवेदन करना होगा।
8. संस्था को दो वर्ष की अवधि में NAAC से मूल्यांकन करवाना अनिवार्य होगा ।
9. निजि महाविद्यालयों को बी.सी.आई. के नियमों की निरन्तर अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी ।
10. संस्था प्रति वर्ष आयुक्तालय/ नजदीकी राजकीय महाविद्यालय/ विभाग की वेबसाइट www.dce.rajasthan.gov.in से सांख्यकी पुस्तिका एवं महाविद्यालय विवरणिका प्राप्त कर निर्धारित अवधि में पूर्ण सूचनायें भरकर आयुक्तालय को भेजेगी।
11. संस्था महाविद्यालय की website बनाकर आयुक्तालय को 15 दिवस में website address की सूचना देगी ।
12. मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के वेबपोर्टल aishe.nic.in पर महाविद्यालय को रजिस्टर करवाकर DCF- II (Data Capture format) भरकर प्रतिवर्ष अपलोड करना अनिवार्य होगा । महाविद्यालय इसकी Hard copy आगामी 15 दिवस में आयुक्तालय में प्रस्तुत करें । इस डाटा के आधार पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा विकसित वेबपार्टल Know Your College पर महाविद्यालय की जानकारी सामान्य जन एवं छात्रों को उपलब्ध हो सकेगी ।
13. उपरोक्त शर्तो की पालना नहीं करने पर स्थायी अनापत्ति प्रमाण–पत्र को प्रत्याहरित कर लिया जायेगा।

आयुक्त
कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. विशिष्ट सहायक, मा0 उच्च शिक्षा मंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर ।
2. निजी सचिव, अति0 मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर ।
3. जिला कलेक्टर, जयपुर।
4. कुल सचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. सचिव, सम्बन्धित महाविद्यालय ।
6. सांख्यिकी शाखा, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
7. रक्षित पत्रावली

प्राचार्य
श्री भवानी निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सीकर रोड,जयपुर

संयुक्त–निदेशक (नि.सं.)
कालेज शिक्षा, जयपुर(राज.)

Dr. Mahesh Hapawat, Principal

Digitally signed by Dr. Mahesh Hapawat, Principal
Date: 2025.03.08 09:46:55 +05'30'

(Dr. Mahesh Hapawat)
Principal

Tel: 0141-2233863, 2233890 Fax: 0141-2230730
Email: sbncollege24@gmail.com Website: sbnboyscollege.com

# Shri Bhawani Niketan PG College

**(Run by Shri Bhawani Niketan Shiksha Samiti)**

**Sikar Road, Jaipur**


**S.No. :** **Date: 03-03-2025**



राजस्थान सरकार
उच्च शिक्षा

## आयुक्त, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर

ब्लॉक नं0 4, डॉ. राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ओटीएस के सामने, जेएलएन मार्ग, जयपुर

कमांकः– एफ 4 (शिम) काशि / अनु0 / 08 / 2315 दिनांकः- 9/11/10

सचिव,
प्रबंध समिति,
श्री भवानी निकेतन स्नात्तकोतर महाविद्यालय,
शेखावाटी रोड़, जयपुर ।

विषयः– पूर्व संचालित विज्ञान संकाय के अस्थायी प्रमाण पत्र में अभिवृद्धि हेतु ।
संदर्भः– आपका पत्रांक 3079 दिनांक 30.08.2010

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित आवेदन पत्र के कम में निर्देशानुसार लेख हैं कि आपके महाविद्यालय को इस विभाग द्वारा स्थायी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका हैं अतः मूल ही प्रेषित कर लेख हैं कि अब नवीन विषय अथवा विषय में अभिवृद्धि आदि के लिए सीधे ही संबंधित विश्वविद्यालय से संपर्क करे इस विभाग द्वारा कोई कार्यवाही किया जाना संभव नही है।

Dr. Mahesh Hapawat, Principal
Digitally signed by Dr. Mahesh Hapawat, Principal
Date: 2025.03.08 09:48:15 +05'30'

संयुक्त निदेशक, अनु0
कॉलेज शिक्षा, जयपुर ।

(Dr. Mahesh Hapawat)
Principal

# Shri Bhawani Niketan PG College

**(Run by Shri Bhawani Niketan Shiksha Samiti)**

**Sikar Road, Jaipur**

**S.No. :** **Date: 03-03-2025**



राजस्थान सरकार

कार्यालय आयुक्त, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक: एफ4 (23)लेखा/आकाशि/अनु./2004-05/174 दिनांक 23 अगस्त, 2004

कुल सचिव
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर ।

विषय:- अस्थाई अनापत्ति प्रमाण-पत्र में अभिवृद्धि करने बाबत ।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनुमोदन के आधार पर निर्देशानुसार निम्न महाविद्यालयों के लिए उनके नाम के सामने अंकित विषय/ संकाय में अस्थाई अनापत्ति प्रमाण-पत्र में अभिवृद्धि निम्नांकित शर्तों के साथ की जाती है :-

| क्र. सं. | महाविद्यालय का नाम | विषय/संकाय | सत्र जिनके लिये अस्थाई प्रमाण पत्र में अभिवृद्धि की गई है । |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 |
| 1 | श्री परमेश्वरी देवी धनराज खेतान बालिका महाविद्यालय, रामगढ़ शेखावाटी, सीकर | पूर्व में संचालित कला संकाय । | 2002-03 एवं 2004-05 |
| 2 | श्री लालबहादुर शास्त्री कन्या महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर, सीकर | पूर्व में संचालित कला संकाय । | 2001-02, 2002-03, 2003-04, 2004-05 |
| 3 | श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय, जयपुर | पूर्व में संचालित कला वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय । | 1998-99, 2001-02, 2002-03, 2003-04, 2004-05 |
| 4 | अपेक्स इंस्टीटयूट आु मैनेजमेंट एण्ड साइंस, जयपुर | पीजीडीसीए, बीबीए, बीसीए | 2001-02 एवं 2004-05 |
| 5 | चिड़ावा विद्या निकेतन गर्ल्स कालेज चिड़ावा, झुंझुनू | पूर्व में संचालित कला संकाय । | 2002-03, 2003-04 एवं 2004-05 |
| 6 | श्री कृष्ण महाविद्यालय, नारायणपुर, अलवर | पूर्व में संचालित कला संकाय । | 2002-03 एवं 2004-05 |
| 7 | श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, खेरली, अलवर | पूर्व में संचालित कला संकाय । | 2002-03, 2003-04, एवं 2004-05 |
| 8 | स्टरलाईट मातृमंगल महिला महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर, सीकर | पूर्व में संचालित कला संकाय । | 2003-04 एवं 2004-05 |
| 9 | एसएस जैन सुबोध पीजी कालेज, जयपुर | पूर्व में संचालित एमएससी आई टी एवं बीसीए। | 2004-05 |
| 10 | महारानी श्री विदेहकौर कन्या महाविद्यालय, महलखास, भरतपुर | पूर्व में संचालित कला संकाय । | 2001-02, 2002-03, 2003-04 एवं 2004-05 |
| 11 | कम्प्यूकाम इंस्टीटयूट आफ इंफोरमेशन टेक्नोलोजी एण्ड मैनेजमेंट, जयपुर | पूर्व में संचालित बीसीए, पीजीडीसीए, एमएससी आईटी, | 2003-04 एवं 2004-05 |
| | | स्नातक विधि | 2004-05 |
| 12 | जयपुर लॉ कालेज, जयपुर | | |
| 13 | महात्मा ज्योतिराव फूले महिला विधि महाविद्यालय, जयपुर | स्नातक विधि | 2004-05 |
| 14 | श्री वीर बालिका महाविद्यालय, जौहरी बाजार, जयपुर | पूर्व में संचालित कला, पीजी स्तर पर इतिहास वाणिज्य संकाय | 2004-05 |
| 15 | तिरूपति कालेज आफ टेक्नीकल एजूकेशन, जयपुर | पूर्व में संचालित बीसीए, पीजीडीसीए, पीजीडीसीएम | 2003-04 एवं 2004-04 |
| 16 | सुबोध इंस्टीटयूट आफ मैनेजमेंट एण्ड केरियर स्टेडीज, जयपुर | पूर्व में संचालित बीबीए | 2003-04 एवं 2004-04 |
| 17 | महात्मा ज्योतिराव फूले महिला महाविद्यालय, जयपुर | पूर्व में संचालित कला, वाणिज्य एवं विज्ञान, गृह विज्ञान संकाय | 2003-04 एवं 2004-05 |

सत्र 2004-05 के लिये आवेदक महाविद्यालय को आदेश के दिनांक से 6 माह के लिये अस्थायी अनापत्ति प्रमाण पत्र में अभिवृद्धि इस शर्त के साथ दी जाती है कि संस्था सभी कमियों की पूर्ति करेगी एवं पूर्व में जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र के अनुसरण में शर्तों की पालना कर सम्बन्धित संस्था निरीक्षण के लिए सूचित करेगी । यदि संस्था के द्वारा पर्याप्त समय से पूर्व पालना हेतु दिये गये निर्देशों की पालना नहीं की जाती है तो वर्ष 2004-05 के संस्था की होगी ।
लिए प्रदत्त एनओसी स्वतः निरस्त हो जावेगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संस्था की होगी ।

यदि आपकी संस्था द्वारा सभी शर्तों की पूर्ति की जा चुकी है तो तदनुसार सूचित करें ताकि अंतिम निरीक्षण करवाकर स्थाई एनओसी जारी करने पर विचार किया जा सके ।

7. संस्था संबंधित विश्वविद्यालय से सम्बद्धन प्राप्त करेगी ।
8. संस्था सभी विषयों में यू.जी.सी. अर्हताप्राप्त व्याख्याता नियुक्त करेगी ।

Dr. Mahesh Hapawat, Principal

Digitally signed by Dr. Mahesh Hapawat, Principal
Date: 2025.03.08 09:49:02 +05'30'

(Dr. Mahesh Hapawat)
Principal

# Shri Bhawani Niketan PG College

**(Run by Shri Bhawani Niketan Shiksha Samiti)**

**Sikar Road, Jaipur**

**S.No. :** **Date: 03-03-2025**



राजस्थान सरकार

शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग।

क्रमांक:एफ02(18)शिक्षा–4/97 जयपुर, दिनांक 17.6.02

कुलसचिव
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः– श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय, जयपुर में सत्र 2002–2003 के लिए स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (गणीत एवं जीव विज्ञान) प्रारम्भ करने हेतु अस्थाई अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी करने बाबत।

सन्दर्भः–निदेशालय कॉलेज शिक्षा का पत्र कमांक प.4( ) लेखा/निकाशि/97/706 दिनांक 29.5.2002

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निदेशालय कॉलेज शिक्षा से प्राप्त उक्त संदर्भित पत्र द्वारा की गयी अनुशंषा के आधार पर विज्ञान संकाय–गणित वर्ग (60 सीट) व जीव विज्ञान वर्ग (60 सीट) नवीन संकाय प्रारम्भ करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2002–2003 के लिये अस्थाई अनापत्ति प्रमाण पत्र निम्नलिखित शर्तों के आधार पर जारी किया जाता है:–

1. संस्था को सम्बन्धित विश्वविद्यालय से सम्बद्धन प्राप्त करना होगा व सम्बद्धन प्राप्त करने के बाद ही विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जायेगा।
2. संस्था उक्त पाठ्यक्रम के अध्यापन हेतु यू.जी.सी. अर्द्धताधारी शैक्षणिक स्टाफ की नियुक्ति करेगी।
3. संस्था निर्धारित एण्डोमेन्ट राशि संयुक्त खाते में जमा करायेगी।
4. महाविद्यालय में जिन विषयों में यू.जी.सी. अर्द्धताधारी प्राध्यापक नियुक्त नहीं हैं, उनमें संस्था शीघ्र ही यू.जी.सी. अर्द्धताधारी व्याख्याताओं की नियुक्ति कर निदेशालय कॉलेज शिक्षा को सूचित करेगी।
5. संस्था द्वारा उक्त पाठ्यक्रम के संचालन हेतु शीघ्र ही प्रयोगशालाओं का निर्माण करना होगा तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करानी होगी।
6. संस्था समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना करेगी।
7. संस्था को उक्त पाठ्यक्रम संचालन हेतु वर्तमान एवं भविष्य में कोई भी वित्तीय सहायता नहीं दी जावेगी।

(डॉ. के. एस. शर्मा)
विशेषाधिकारी, उच्च शिक्षा

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. विशिष्ट सहायक, मां. मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निदेशक, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. प्राचार्य, श्री भवानी निकेतन महाविद्यालय, सीकर रोड, जयपुर।
6. रक्षित पत्रावली।

विशेषाधिकारी, उच्च शिक्षा

PRINCIPAL
Shri Bhawani Niketan College
Shekhawati Marg, Sikar Road
JAIPUR

Dr. Mahesh Hapawat, Principal

Digitally signed by Dr. Mahesh Hapawat, Principal
Date: 2025.03.08 09:49:39 +05'30'

(Dr. Mahesh Hapawat)
Principal

Tel: 0141-2233863, 2233890 Fax: 0141-2230730
Email: sbncollege24@gmail.com Website: sbnboyscollege.com